मुर्गा लड़ाई बंद कराने पहुंची पुलिस पार्टी पर ग्रामीणों ने किया हमला

जगदलपुर,15 नवंबर (सन्यूस)। कोड़ेनार के साप्ताहिक बाजार में सालों से चल रहे मुर्गा बाजार में जुआ खिलाये जाने की शिकायत मिलने पर कोड़ेनार थाना प्रभारी के साथ अन्य पुलिसकर्मी जब मुर्गा बाजार पहुंचे और मुर्गा लड़ाई बंद कराने का प्रयास किया तब आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस बल पर पथराव करना शुरू कर दिया। इसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस के जवान वहां पहुंचकर उपद्रवियों की धर पकड़ शुरू किया। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया वहीं कई लोग भागने में सफल रहे।

इस घटना में कुछ पुलिस कर्मियों के घायल होने की सूचना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस साप्ताहिक मुर्गा बाजार में ग्रामीणों द्वारा मुर्गा लड़ाई के दौरान बड़ी राशि दांव पर लगाई जाती है। एक प्रकार से चलने वाले इस जुये को लेकर पुलिस को कई शिकायतें मिली थी। इन्हीं शिकायतों के चलते पुलिस मुर्गा लड़ाई बंद कराने पहुंची थी।

लालबाग व नगरनार के बीच मैच बराबर

◆ डीआरजी ने 4-2 से न्यू शांति नगर को किया पराजित

जगदलपुर,15 नवंबर (सन्यूस)। स्थानीय सिटी ग्राउंड में चल रहे सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफए ट्राफी फुटबाल प्रतियोगिता में 15 नवम्बर को खेला गया पहला मैच। यंग फुटबाल क्लब लालबाग और स्पोर्टिंग क्लब नगरनार के बीच बिना किसी गोल के बराबरी पर समाप्त हुआ। वहीं दूसरा मैच डीआरजी बस्तर ने 4-1 से न्यू शांतिनगर को पराजित किया।

पहला मैच यंग फुटबाल क्लब लालबाग विरूद्ध स्पोर्टिंग क्लब नगरनार के बीच खेला गया। दोनों ही टीम के खिलाड़ी आकर्षक खेल का प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे के गोल पोस्ट पर आक्रमण जारी रखा। किन्तु तालमेल के अभाव में दोनों ही टीम के खिलाड़ी अवसरों को गोल में तब्दिल करने में नाकाम रहे। पूरे मैच के दौरान दोनों ही टीम के खिलाड़ी गोल के लिए संघर्ष करते रहे। इस तरह से निर्धारित समय में बिना किसी गोल के मैच बराबरी में समाप्त हुआ।

दूसरा मैच डीआरजी बस्तर विरूद्ध न्यू शांतिनगर के बीच खेला गया। दोनों ही टीम के खिलाड़ी छोट पास के साथ खेलते हुए एक दूसरे के गोल पोस्ट पर आक्रमण जारी रखा। डीआरजी बस्तर टीम के जर्सी नं 3 के खिलाड़ी संजु खुजुर ने खेल के 10 वें मीनट में पहला गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। खेल के 26 वें मीनट में न्यू शांतिनगर टीम के जर्सी नंबर 11 के खिलाड़ी सलेम कुमार ने गोल कर टीम को 1-1 की बराबरी पर ला खड़ा किया। इसके बाद डीआरजी टीम के जर्सी नं 12 राम ठाकुर ने 30 वें मीनट में दूसरा गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त पर पहुंचाया। इसके बाद जर्सी नं 19 के खिलाड़ी अनंत किसपोट्टा ने 37 वें मीनट में गोल दागकर टीम की बढ़त को 3-1 तक पहुंचाया। इसके पश्चात अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए न्यू शांतिनगर टीम के खिलाड़ियों ने आक्रमण किया और खेल के 46 वें मीनट में जर्सी नं 11 के खिलाड़ी सेलेम कुजुर ने दूसरा गोल दागकर टीम की बढ़त को 3-2 तक पहुंचाया। इसके बाद खेल के 50+2 मीनट में डीआरजी टीम के जर्सी नंब 6 के खिलाड़ी एडोल्फ एक्का ने गोल दागकर टीम की बढ़त को 4-2 तक पहुंचाया और इस तरह से मैच डीआरजी बस्तर ने जीत लिया। दूसरे मैच के दौरान रेफरी द्वारा डीआरजी बस्तर टीम के खिलाडी राम ठाकुर को खेल पुनः शुरू करने में विलंब करने के चलते रेफरी ने पीला कार्ड दिखाया। वहीं विपिन मिंज व भूपेश मरकाम को भी फाउल खेले जाने के चलते रेफरी ने पीला काड दिखाया। इसी तरह न्यू शांति नगर के खिलाड़ी सलेम को फाउल कीक के लिए पीला काड दिखाया। पहले मैच में मुख्य रेफरी की भूमिका दिलीप दास के साथ सहायक रेफरी उमाशंकर दीपक, आशिष खरे व फोर्थ रेफरी के रूप में अगेन्द्र नाथ ने दायित्व निभाया। वहीं दूसरे मैच में मुख्य रेफरी की भूमिका विश्वजीत भट्टाचार्य के साथ सहायक रेफरी राहुललाल और प्रदीप भारती व फोर्थ रेफरी के रूप में विक्की पोडाल ने अपना दायित्व निभाया।

बस्तर में आदिवासी विकास पुस्तक का विमोचन

जगदलपुर,15 नवंबर (सन्यूस)। भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण, उप. क्षेत्रीय केन्द्र. धरमपुर, जगदलपुर में 15 नवंबर को बस्तर के युवा मानवशास्त्री डॉ. रुपेन्द्र कवि द्वारा लिखित पुस्तक ''बस्तर में आदिवासी विकास'' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. रुपेन्द्र कवि ने बस्तर में आदिवासी विकास विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. शैलेन्द्र कुमार सिंह. कुलपति बस्तर विश्वविद्यालय उपस्थित थे एवं अध्यक्षता कार्यालय प्रमुख मानववैज्ञानिक डॉ. पीयूष रजंन साहू ने की। दीप प्रज्वलन के पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा पुस्तक का विमोचन किया गया।

दूसरे चरण में ''ट्राईबल डवेलपेंट इन बस्तर'' विषय पर विशेष व्याख्यान डॉ. रुपेन्द्र कवि द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के मानवविज्ञान, भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के कर्मचारी, जनजातीय अध्ययन, समाजशास्त्र व अन्य विषय के प्रध्यापकों डॉ. सुकृता तिर्कि, डॉ. श्यामाचरण ओगरे, प्रो. एम. अली, डॉ. प्रियंका लकड़ा व शोधार्थीयों के साथ ही विषय में रुचि रखने वाले डॉ. राजेन्द्र सिंह, श्रीमति सोनिका कवि, सुश्री उर्मीला आचार्य, मुकेश पांडे शंकर ठाकुर, अभीजीत श्रीवास्तव, बीना विश्वकर्मा व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय कुमार ने किया। अंत में सरबजीत सिंह ने आभार प्रकट किया।

ईद-ए-मिलादुन्नबी की तैयारियां जोरों पर



जगदलपुर,15 नवंबर (सन्यूस)। ईद ए मिलाद उन नबी का बड़ा त्योहार मुस्लिम समाज द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद शाह के जन्म दिन की खुशी में मनाया जाता है। इस त्योहार की तैयारी में स्थानीय मुस्लिम समाज पूरे जोर शोर से जुटा हुआ है। मस्जिदों को आकर्षक विद्युल बल्बों व झालरों से सजाये जाने के साथ ही नगर के मेनरोड को भी आकर्षक बल्बों एवं झालरों से सजाया जाने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मुस्लिम समाज द्वारा आकर्षक जुलुस निकाला जायेगा। जिसे लेकर भी चौक चौराहों को सजाने के कार्य में समाज के युवा जुटे हुए हैं।

198/1500/18003451500 डायल कर अपनी शिकायत दर्ज करावें

जगदलपुर,15 नवंबर (सन्यूस)। भारत संचार निगम लिमिटेड बस्तर द्वारा समस्त लैंडलाईन एवं ब्राडबैंड उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि लैंडलाईन एवं ब्राडबैंड में समस्या आने पर तुरंत टोल फ्री नम्बर 198/1500/18003451500 डायल कर अपनी शिकायत दर्ज करावें। शिकायत समय पर दर्ज नहीं होने की स्थिति में शिकायत निवारण में देरी होती है। अतः तुरन्त टोल फ्री नम्बर डायल कर अपनी शिकायत दर्ज करावें। जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध कराया जा सके।

मदिरा दुकानों को समय पर खोलने एवं बंद करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

जगदलपुर, 15 नवंबर (सन्यूस)। बस्तर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. अय्याज तंबोली द्वारा जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने जिले की देशी-विदेशी मदिरा दुकानों को खोलने एवं बंद करने समय निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत देशी मदिरा दुकान हिकमीपारा, देशी मदिरा दुकान गीदमनाका, विदेशी मदिरा दुकान केवरामुण्डा, विदेशी मदिरा दुकान हिकमीपारा एवं विदेशी मदिरा दुकान नया बस स्टैण्ड जगदलपुर को प्रातः 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक खोलने के निर्देश दिए हैं।

स्टॉफ नर्स की भर्ती के लिए दस्तावेजों का सत्यापन 28 से 30 नवम्बर तक

जगदलपुर,15 नवंबर (सन्यूस)। स्टॉफ नर्स भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य 28 नवम्बर से 30 नम्बर तक स्वास्थ्य विभाग के संभागीय कार्यालय में किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाएं के संयुक्त संचालक डॉ. आर एन पाण्डे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बस्तर संभाग से अभ्यर्थी, जिन्होंने 66 से 44 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है तथा जिनका बस्तर संभाग के ओवर ऑल रैंक 01 से 101 तक है एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी, जिन्होंने 57 से 43 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है तथा जिनका कैटेगेरी रैंक 1 से 28 तक है एवं अजजा वर्ग के अभ्यर्थी, जिन्होंने 58 से 37 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है व जिनका कैटेगेरी रैंक 1 से 100 तक है, उनके प्रमाण पत्रों का सत्यापन 28 नवम्बर को सुबह 10:30 बजे से किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी, जिन्होंने 37 से 26 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं तथा कैटेगेरी रैंक 101 से 250 तक है, उन अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्रों का सत्यापन 29 नवम्बर को किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी, जिन्होंने 26 से 23 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है तथा जिनका कैटेगेरी रैंक 251 से 329 तक है एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी, जिन्होंने 55 से 43 प्रतिशत अंक एवं 1 से 6 तक तक कैटेगेरी रैंक एवं दिव्यांग कैटेगेरी प्रासांक 37 से 23 प्रतिशत अंक एवं कैटेगेरी रैंक 1 से 3 तक एवं भूतपूर्व सैनिक 39 से 33 प्रतिशत तक अंक एवं रैंक 1 के दस्तावजों का सत्यापन 30 नवम्बर को किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाएं के संयुक्त संचालक ने सभी पात्र अभ्यर्थियों को संपूर्ण मूल दस्तावेजों के साथ मूल दस्तावेजों की एक सेट स्व हस्ताक्षरित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति व वर्तमान समय का पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ उल्लेखित समय तिथि एवं समय में उपस्थित होने को कहा है। निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर भर्ती प्रकिया से बाहर करने की जानकारी दी गई है।

बस्तर के 13 कांग्रेसी 72 विधानसभाओं में दिखायेंगे अपनी प्रतिभा

जगदलपुर, 15 नवंबर (सन्यूस)। पहले चरण का मतदान समाप्त हो जाने के बाद राज्य की 72 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को होने जा रहे चुनाव के लिए बस्तर के 13 वरिष्ठ कांग्रेसियों को समन्वयक बनाया गया है। इनमें से 5 नेता ऐसे हैं, जिन्होंने पहले चरण का चुनाव लड़ा है।

जानकारी के मुताबिक जगदलपुर से विस प्रत्याशी रहे रेखचंद जैन सराईपाली सीट पर चुनाव लड़ रहे किश्मतलाल नंद और महासमुंद प्रत्याशी विनोद चंद्राकर के समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। चित्रकोट से कांग्रेस प्रत्याशी दीपक बैज, देवेंद्र बहादुरसिंह और खल्लारी प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव के समन्वयक बनाए गए हैं। महासमुंद में रेखचंद का साथ अमीन मेमन देंगे, जबकि मनीष श्रीवास्तव धरसींवा प्रत्याशी अनिता शर्मा के समन्वयक के रूप में काम करेंगे। पीसीसी पदाधिकारी मलकीतसिंह गैदू रायपुर पश्चिम से प्रत्याशी विकास उपाध्याय और उत्तर से चुनाव लड़ रहे कुलदीप जुनेजा के समन्वयक होंगे। रवि घोष रायपुर दक्षिण से चुनाव लड़ रहे कन्हैया अग्रवाल के समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। संतराम नेताम और शंकर ध्रुवा सिहावा की प्रत्याशी श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव के समन्वयक होंगे। मनोज मंडावी को कुरूद प्रत्याशी लक्ष्मीकांता साहू और धमतरी प्रत्याशी गुरूमुखसिंह होरा के समन्वयक बनाए गए हैं। शिशुपाल शोरी संजारी बालोद के प्रत्याशी श्रीमती संगीता सिन्हा के समन्वयक होंगे। लखेश्वर बघेल डौंडीलोहारा से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनिला भेड़िया के समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। मोहन मरकाम गुंडरदेही प्रत्याशी कुंवर सिंह निषाद के समन्वयक बनाए गए हैं। मनोहर लुनिया दुर्ग शहर के प्रत्याशी अरूण वोरा के समन्वयक होंगे। इस तरह बस्तर के कुल 13 वरिष्ठ कांग्रेसियों को समन्वयक बनाया गया है।

रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्मों की बढ़ाई जायेगी ऊंचाई

जगदलपुर, 15 नवंबर । रेलवे स्टेशन के पुराने प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने को लेकर अब तक वाल्टेयर रेलमंडल की घोषणा के बाद अब करीब पखवाड़ेभर बाद यहां तकनीकी विशेषज्ञों की टीम यहां पहुंचेगी। वर्तमान में पुराने प्लेटफॉर्म की ऊंचाई जहां केवल सवा 2 फीट है, वहीं दूसरे नंबर के प्लेटफॉर्म की ऊंचाई करीब 4 फीट की बनाई गई है। तकनीकी विशेषज्ञ यहां पहुंचकर ये देखेंगे कि यहां किस तरह से काम शुरू किया जा सकता है। पुराने प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने के साथ ही स्टेशन को अपग्रेड करने की घोषणा 12 सितंबर को विशाखापटनम में वॉल्टेयर रेल डिवीजन की डिवीजनल कमेटी की बैठक में डीआरएम मुकुलशरण माथुर ने की थी। जगदलपुर के स्टेशन अधीक्षक जॉन कुजूर ने बताया कि इसी लिए प्रस्ताव बना तो लिया गया है।

शहर में फिर जमा हो रहा कचरा

जगदलपुर, 15 नवंबर । नगर में पुनः साफ सफाई का काम धीमा पड़ने से चौकों, सड़कों के किनारे, गलियों में और प्रायः सड़कों पर कचरे का अंबार देखा जा सकता है। घरों से भी कचरा संग्रहण नियमित नहीं होता है। चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा फैलाया गया चुनावी कचरा भी प्रायः सभी स्थानों पर चुनाव संपन्न होने के बाद बिखरा पड़ा है। इसके साफ करने के लिए निगम के सफाई कर्मी बड़ी धीमी गति से कार्य कर रहे हैं। प्रतिदिन निकलने वाली कचरों से भी शहर के कई स्थानों पर कचरों के ढेर सामने दिखाई पड़ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नवरात्रि के अवसर पर पूरे शहर में भंडारा लगाने का सिलसिला चला था और भंडारा करने वाले आयोजकों ने भंडारा को आयोजित कर लिया लेकिन उसके बाद डिस्पोजल, थालियों, कटोरी व गिलास का कचरा पूरे शहर की सड़कों पर कुछ दिनों तक दिखाई पड़ता रहा। आयोजकों की डिस्पोजल के उपयोग किये जाने की रीति से पूरा शहर धार्मिक पर्व के समय भी गंदगी से अटा-पटा दिखता रहा। जैसे-तैसे पर्व समाप्त हुआ और दिवाली के समय पटाखों का तथा अन्य सामग्रियों का कचरा सड़कों पर दिखा। इसके बाद भी धीरे-धीरे सफाई हुई अब चुनाव का कचरा सभी ओर दिख रहा है। जनता केवल यही सोचती रह जाती है कि इसका जिम्मेदार कौन है।

जगदलपुर में 10 हजार मतदाता मतदान से रहे वंचित

जगदलपुर, 15 नवंबर । संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में जनता ने जमकर मतदान किया है। यहां पर मतदाता अपने नाम सूची से विलोपित होने को लेकर नाराज रहे। बताया जा रहा है कि करीब दस हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित हो गए, उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी बीच जगदलपुर विधानसभा में आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 78.24 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है।

2013 के विधानसभा में जनता ने 73.61 फीसदी मतदान किया था। इस बार करीब 4.63 फीसदी अधिक मतदान हुआ है। इसी तर्ज पर चित्रकोट विधानसभा में 1.2 फीसदी मतदान बढ़ा है, यहां 80.31 फीसदी वोट पड़े, बस्तर विधानसभा में 83.51, केशकाल व कोण्डागांव में 2.15 व 1.94 फीसदी वोट की गिरावट आई है। दंतेवाड़ा में जहां आंकड़ा 62.03 से गिरकर 60.62 पर आया वहीं कोंटा में 2.34 फीसदी मतदान अधिक हुआ। यहां पर 47.35 प्रतिशत मतदान दर्ज है।

विधानसभा चुनाव के प्राथमिक रूझान के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अंतिम आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसकी मानें तो मध्य बस्तर और दक्षिण बस्तर के नौ सीटों में मतदाताओं ने जमकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। यहां पर कुल 12.96 फीसदी मतदान बढ़ा है। किन्हीं विधानसभाओं में मतदान के दौरान वोटिंग प्रतिशत में आंशिक गिरावट दर्ज की गई है। इसके विपरीत शहरी इलाकों में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है।

सबसे ज्यादा मतदान के फीसदी में बढ़ोत्तरी बीजापुर इलाके में देखी गई है। यहां पर प्रदेश के वन मंत्री महेश गागड़ा चुनावी समर में हैं। इनके विरूद्ध भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से विक्रम शाह मण्डावी और जोगी कांग्रेस से संकनी चंद्रैय्या जोर अजमा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2013 में इस विधानसभा में 48.36 फीसदी मतदान हुआ था इस बार जनता ने 6.94 फीसदी अधिक मत डालते इस आंकड़े को 55.30 फीसदी पर पहुंचा दिया है। बस्तर में यह किसी भी सीट में सबसे ज्यादा बढ़ा हुआ आंकड़ा है।

मध्य और दक्षिण बस्तर की आठ सीटों के अलावा प्रमुख तौर पर नारायणपुर विधानसभा में मतदाताओं ने जमकर रूझान दिखाया है। यहां पर गत चुनाव में जहां 70.28 फीसदी मतदान हुआ था वहीं इस बार 74.40 फीसदी मतदान हुआ है। इस लिहाजे से 4.12 फीसदी मतदान बढ़ा है। यह इलाका प्रदेश के कद्दावर नेता और आदिम जाति कल्याण व स्कूली शिक्षा मंत्री केदार कश्यप का है। यहां पर चुनावी मैदान में उनके खिलाफ पूर्व में उनसे परास्त हो चुके कांग्रेस के प्रत्याशी चंदन कश्यप अपना भाग्य दूसरी बार अजमा रहे हैं।

जानकारों की मानें तो पोलिंग दो ही शर्त में बढ़ सकती है। एक तो वर्तमान प्रत्याशी या फिर सरकार के कामकाज से खुश होकर जनता मतदान करती है और यदि ऐसा होता है तो इसका असर सभी इलाके में दिखता है। क्योंकि मतदाता व्यक्ति नहीं पार्टी को वोट देता है। दूसरा यह भी माना जाता है कि जब मतदाता स्वयं चलकर बाहर आता है और मतदान करता है तो फिर यह आवश्यक हो जाता है कि उसके मन में क्या है। वैसे भी इस बार पहले चरण के चुनाव में जिस तरह से प्रचार प्रसार हुआ है कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने ही प्रत्याशी से ज्यादा पार्टी पर जोर दिया है। भाजपा के पास विकास के दावे और कांग्रेस के पास भ्रष्टाचार के आरोप। कुछ एक क्षेत्र में जानकारों की मानें तो चुनाव व्यक्ति विशेष पर केन्द्रित देखा गया। यहां के मतदाताओं ने पहले ही पार्टियों पर नहीं व्यक्ति में पक्ष और विपक्ष पर मतदान किया।